# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (12.07.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:12.07.2025, PAGE-04**

### बीआरएबीयू में पहली मेधा सूची के आधार पर दाखिले का आज अंतिम दिन

# पहली मेरिट के 1.21 लाख में 29 हजार दाखिले ही अपडेट

**स्नातक**

मुजफ्फरपुर,प्रसं। बीआरएबीयू में स्नातक पहली मेरिट लिस्ट का दाखिला शनिवार को खत्म हो जायेगा। पहली मेरिट लिस्ट में 1 लाख 21 हजार 350 छात्रों के नाम जारी किये गये थे, लेकिन कॉलेजों ने अबतक 29079 छात्रों का ही दाखिला अपडेट किया है।

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि पहली मेधा सूची से दाखिले के बाद जल्द ही दूसरी सुची जारी की जायेगी। सूत्रों ने बताया कि जुलाई के तीसरे हफ्ते में दूसरी मेधा सूची जारी की जा सकती है। दाखिले के लिए एक लाख 59 हजार छात्रों ने आवेदन किया था। उधर, दाखिले में कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। कई कॉलेजों के प्राचार्यों ने विवि फोन कर पूछा है कि आईटीआई पास छात्रों का दाखिला लिया जाना है या नहीं। प्राचार्यों का कहना था कि इंटर के समकक्ष कई छात्र दाखिला लेने पहुंच रहे हैं। प्राचार्यों को बताया गया कि जिन छात्रों ने बिहार बोर्ड से हिन्दी और अंग्रेजी की परीक्षा दी है, उनका दाखिला लिया जा सकता है। उधर, वोकेशनल कोर्स में भी दाखिला कॉलेज में शुरू है। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि 14 जुलाई तक पहली मेरिट लिस्ट का दाखिला होगा। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट जारी करने पर काम किया जायेगा।



आरडीएस कॉलेज में शुक्रवार को स्नातक में नामांकन के लिए छात्रों की कतार।

- दाखिले के लिए एक लाख 59 हजार विद्यार्थियों ने किया है आवेदन
- एमबीए छात्रों का दाखिला लेने का कुलपति ने जारी किया निर्देश

बीआरएबीयू में वोकेशनल प्रवेश परीक्षा पास एमबीए के छात्रों के दाखिले का भी रास्ता साफ हो गया है। प्रबंधन विभाग के निदेशक प्रो. रवि कुमार ने बताया कि जिन छात्रों ने वोकेशनल परीक्षा पास की है उनका दाखिला एमबीए में लिया जायेगा। कुलपति ने इसका निर्देश दे दिया है। पहले प्रवेश परीक्षा पास करने वाले 40 छात्रों के दाखिले पर ग्रहण लगा हुआ था। मैनेजमेंट विभाग को एआईसीटीई से मान्यता नहीं मिलने पर छात्रों को दाखिला नहीं दिया जा रहा था। छात्रों के आवेदन के बाद विवि ने दाखिला लेने का निर्देश जारी किया।

### विश्वविद्यालय में पार्ट थ्री की परीक्षा स्थगित

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक पार्ट-3 की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. रामकुमार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की। उन्होंने बताया कि अभी पार्ट-2 की विशेष परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। इसके रिजल्ट के बाद पार्ट-3 की परीक्षा ली जाएगी। पार्ट-2 में पास छात्र ही पार्ट-3 की परीक्षा में शामिल होंगे। अगस्त में पार्ट-2 की विशेष परीक्षा का रिजल्ट निकलने की उम्मीद है। उसके बाद ही पार्ट-3 की परीक्षा की तिथि जारी की जाएगी। बीआरएबीयू में 17 जुलाई से सत्र 2022-25 की पार्ट-3 की परीक्षा होनी थी। पुराने कोर्स की यह अंतिम परीक्षा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFAPRUR**
**DATE:12.07.25**
**PAGE-04**

## कामर्स का छात्र बीसीए में नामांकन के लिए आवंटित

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए जारी मेरिट लिस्ट में कई गड़बड़ी सामने आ रही है। इंटर में कामर्स की पढ़ाई करने वाले एक छात्र को बीसीए में नामांकन के लिए नाम आवंटित कर दिया गया है। छात्र का नाम जब एमपीएस साइंस कालेज में आया तो उसने आनलाइन पेमेंट करते हुए शुल्क का भुगतान कर दिया। इसके बाद जब वह अपना दस्तावेज लेकर कालेज में नामांकन कराने पहुंचा तो जांच के क्रम में यह बात सामने आई कि उसने इंटर में कामर्स की पढ़ाई की है। गणित का पढ़ाई नहीं की है।

छात्र का कहना है कि जब वह बीसीए में नामांकन के लिए योग्यता नहीं रखता था तो उसे प्रवेश परीक्षा में शामिल क्यों कराया गया। मामले को लेकर छात्र ने विश्वविद्यालय पहुंचकर भी शिकायत की है। दूसरी ओर आरएन कालेज हाजीपुर में भी गणित में फेल होने वाले छात्र को बीसीए कोर्स में नामांकन के लिए आवंटन की शिकायत मिली है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 12.07.2025, PAGE-04

# एमबीए में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कामर्स विभाग में संचालित होने वाले एमबीए कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को करीब आधा दर्जन छात्रों के दस्तावेज का वेरीफिकेशन हुआ। उन्हें नामांकन के लिए शनिवार को बुलाया गया है। एमबीए में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को एबीसी आइडी होना अनिवार्य है। साथ ही उन्हें स्नातक का अंकपत्र, एडमिट कार्ड, 75 प्रतिशत उपस्थिति का शपथ पत्र, तीन फोटो समेत अन्य दस्तावेज लेकर पहुंचना होगा। कुल 90 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया होनी है। विश्वविद्यालय स्तर से पहली सूची में 40 छात्रों का आवंटन किया गया था। कोर्स में नामांकन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुमति मिली है। इसके बाद नामांकन शुरू हुआ है। प्रो. रवि श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल कामर्स विभाग में संचालित एमबीए कोर्स में नामांकन लिया जा रहा है। एआइसीटीइ को मान्यता एक्सटेंशन के लिए पहले ही आवेदन भेजा गया है। विभाग के आनलाइन वेरीफिकेशन की प्रक्रिया हुई है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले नामांकन की शुरुआत नहीं होने पर छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय पहुंचकर शिकायत की थी।